P372


आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 18 जून 2026
वर्ष : 5 अंक : 199
पृष्ठ : 6 मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

तीन पार्षदों पर फैसला नहीं लेने पर हाईकोर्ट की सख्ती



पेज-2

फिल्म 'बंटवारा 1947' के किरदारों से उठा पर्दा



पेज-5

शहर के पूर्वी इलाकों में हुई बारिश



पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- आईएसआई-शहजाद भट्टी मॉड्यूल पर बड़ा खुलासा, पाक से चल रहे आतंकी कॉल सेंटर का पर्दाफाश
- रूस : मॉस्को की ऑयल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला
- यूपी : कांग्रेस चीफ अजय राय आज जाएंगे अयोध्या, राम मंदिर में करेंगे दर्शन
- खाड़ी देशों पर हमलों की वजह से तेहरान पर भरोसे में आई कमी : सऊदी अरब
- यूएस के साथ हुई डील से हासिल हुए होर्मुज और हिज्बुल्लाह से जुड़े अहम लक्ष्य : ईरान
- तमिलनाडु का विधानसभा सत्र आज से शुरू होगा
- अमेरिका और ईरान में हुआ समझौता, ट्रंप-पेजेश्कियान ने एमओयू पर किए साइन
- झारखंड में आज दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव, सुबह 9 बजे से शुरू होगी वोटिंग
- अमेरिका-ईरान फाइनल एग्रीमेंट के लिए 60 दिन की समयसीमा अनिवार्य नहीं है : ट्रंप
- दिल्ली में एनकाउंटर, दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

# सबसे पुराना शास्त्री ब्रिज अब लेगा नया आकार



## सिक्स लेन की जगह अब बनेगा फोर लेन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • 72 साल पुराने शास्त्री ब्रिज के निर्माण के लिए रेलवे ने 139 करोड रुपए की स्वीकृति दे दी है, हालांकि 6 लेन ब्रिज की योजना को झटका लगा है, अब ब्रिज 4 लेन ही बनेगा। 72 मीटर लंबे ब्रिज के दोनों ओर 6-6 मीटर सर्विस रोड होगी। कैमल बैंक के आकार वाला ब्रिज बनेगा। मौजूद कर्व भी खत्म होगा।

रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके तहत बेहद हम शास्त्री ब्रिज को भी नया बनाया जाना है। ब्रिज की चौड़ाई, वायाडक्ट को बड़ा करेंगे। नीचे कर्व और उंचाई कम होने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। 72 मीटर लंबे कैमल बैंक ढांचे वाले ब्रिज में पीएससी गर्डर और एक वायडक्ट होगा। पुल के नीचे दोनों ओर 6 मीटर चौड़ी सर्विस रोड बनाई जाएंगी। ब्रिज निर्माण से पहले सीवर, पानी लाइनें शिफ्ट की जाएंगी। ब्रिज को ऐसे डिजाइन किया जाएगा, जिससे मेट्रो को भी जोड़ा सके। साथ ही देवलेटर के जरिए मुख्य स्टेशन को प्लेटफॉर्म नंबर 4 और 5 से भी जोड़ा जाना है। नए ब्रिज की लंबाई मौजूदा से ज्यादा होने के कारण संभागायुक्त कार्यालय से शुरुआत होगी। ब्रिज की ऊंचाई 5.87 मीटर होगी। रीगल तिराहे तक ब्रिज का उतार होगा। ऐसे में गांधी प्रतिमा स्थल और तिराहे में भी आवश्यक बदलाव देखने को मिलेंगे।

# नगर निगम करेगा 10 से ज्यादा पुलियाओं का एक साथ लोकार्पण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • जनता के लिए 10 पुलियाओं पर से जल्द ट्रैफिक का आवागमन शुरू होगा। नगर निगम पुलियाओं का एकसाथ लोकार्पण करने की तैयारी कर रहा है। इसके चलते पुलियाओं के बचे छोटे-मोटे काम पूरे कराने में निगम का पुल-पुलिया प्रकोष्ठ लगा है। पुलियाओं पर से आवागमन शुरू होने से क्षेत्रीय लोगों को बरसात के दिनों में बड़ी राहत मिलेगी।

शहर में कई पुल-पुलियाएं संकरी हैं, जिन पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता और बरसात में काफी दिक्कत होती है। इसके साथ ही कई पुल पुलिया क्षतिग्रस्त होने के साथ जर्जर अवस्था में हैं। यह देखते हुए निगम ने इस बार के बजट में पुल-पुलिया के निर्माण को लेकर अच्छी-खासी राशि रखी है। पुल-पुलिया बनाने के लिए जहां टेंडर जारी करना शुरू कर दिए गए हैं, वहीं पहले से बन रही 10 से ज्यादा पुलियाओं का काम लगभग पूरा होने पर जनता के लिए खोलने की तैयारी हो गई है। पुलियाओं के बचे काम पूरे करने के निर्देश जिम्मेदार अफसरों को दे दिए गए हैं।

### इन पर चालू होगा ट्रैफिक

वार्ड- 19 में स्थित साई सुमन नगर से महेश यादव नगर को जोड़ने वाली।
वार्ड- 1 में जगन्नाथपुरी कॉलोनी में खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास।
वार्ड-42 में उत्कर्ष विहार कॉलोनी से खजराना मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली।
वार्ड-46 के अंतर्गत पंचम की फैल से पलासिया जीटीएस के समीप पुलिया।
वार्ड- 10 के अंतर्गत विशाल नगर से पोलोग्राउंड के मध्य स्थित नाले पर बनी पुलिया
सांवेर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम अरण्डिया में शासकीय स्कूल के आगे ।
वार्ड- 77 में कैलोद करताल मेनरोड पर इमली गोया वाली पुलिया ।
वार्ड-53 में आजाद नगर मदीना नगर मेन गेट में दो पुलिया ।
वार्ड 4 के अंतर्गत प्रेम नगर बस्ती पुलिया।



इंदौर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का आज इंदौर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया स्वागत।

# देश हिंदू राष्ट्र बन चुका है, बस ऐलान बाकी- गहलोत

**जयपुर (एजेंसी)** • राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने जयपुर में पत्रकारों से खुलकर बातचीत की और इस दौरान उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर जमकर राजनीतिक तीर चलाए। गहलोत ने एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के नरम रुख के कारण ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज देश में इस मजबूत स्थिति तक पहुंच पाया है।

इसके साथ ही उन्होंने एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि देश असल में 'बीजेपी और आरएसएस के राज में हिंदू राष्ट्र' बन चुका है, और अब सिर्फ इसकी औपचारिक घोषणा होना ही बाकी रह गया है। उनके इस बयान के बाद राज्य और देश की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा हो गया है।



अशोक गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बेहद गंभीर लहजे में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा कांग्रेस पर बदले की भावना से काम करने का मनगढ़ंत आरोप लगाती रहती है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर कांग्रेस ने केंद्र या राज्यों में सत्ता में रहते हुए सचमुच इसी बदले की भावना से काम किया होता, तो आज देश में न तो आरएसएस खड़ा हो पाता और न ही भाजपा इतनी बड़ी पार्टी बन पाती।

# भाजपा और आरएसएस के बीच बैठक के बाद संगठन में बड़े फेरबदल की चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बीच हाल ही में हुई अहम बैठक के बाद संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल और नई जिम्मेदारियों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

हालांकि, अभी तक किसी औपचारिक निर्णय की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार कई वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण संगठनात्मक भूमिकाएं सौंपे जाने पर विचार किया गया है। साथ ही आगामी 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों और भविष्य की राजनीतिक रणनीति को लेकर भी व्यापक मंथन हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पंजाब और उत्तराखंड से जुड़े संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उत्तर प्रदेश में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका देने पर विचार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में से एक है और पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि भाजपा के अनुभवी संगठनकर्ता सुनील बंसल उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों को निभाना जारी रख सकते हैं। इसके अलावा उन्हें मणिपुर में भी संगठन को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग को संगठन और केंद्रीय नेतृत्व के बीच एक प्रभावी कोऑर्डिनेटर की भूमिका में देखा जा रहा है।



दिल्ली में सोमवार को आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। आरएसएस की ओर से सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। सूत्रों का कहना है कि बैठक का फोकस केवल संगठनात्मक नियुक्तियों तक सीमित नहीं था।

# चढ़ावा में चोरी : रामलला के आभूषणों के रखवाले भी एसआईटी की रडार पर आए

**अयोध्या (एजेंसी)** • अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी की जांच में जुटी एसआईटी के रडार पर अब रामलला के आभूषणों की देखभाल करने वाले आ गए हैं। आभूषणों में हेराफेरी के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

एसआईटी के अफसरों ने आभूषणों का लेखा-जोखा रखने वाले रिकार्ड की पड़ताल की और प्रभारी से पूछताछ की है। आभूषणों की तस्वीरों के मिलान में आने वाली खामियों के बारे जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा उनके व्यक्तिगत खातों व अन्य सम्बन्धित विषयों पर ब्योरा भी तलब किया गया है।

चढ़ावा में चोरी के साथ ही आभूषणों में हेराफेरी का भी लगातार आरोप लग रहा है। सूत्र बताते हैं कि रामलला के सभी आभूषणों का एक रजिस्टर तैयार किया गया है। इस रजिस्टर में सभी



आभूषणों की मूल तस्वीरें भी चस्पा की गयी हैं। बताया गया कि विशेष अवसरों पर रामलला के अलंकरण के लिए अलग-अलग आभूषण प्रभारी द्वारा पुजारियों के सुपुर्द किया जाता है। सम्बन्धित आभूषण पुजारी उतारकर प्रभारी को वापस करते हैं। इस लेन-देन के दौरान भी तस्वीरें ली जाती हैं। जांच अधिकारियों ने रजिस्टर में चस्पा मूल तस्वीरों के साथ रखें गये आभूषणों का एक-एक कर मिलान किया।

**मूल तस्वीरों और आभूषणों में दिखीं खामियां**-इस मौके पर कुछ आभूषणों की मूल तस्वीरों और रखे आभूषणों में खामियां दिखाई दी। इसकी जांच की जा रही है कि कहीं यह खामी किसी हेराफेरी की वजह से है अथवा कोई दूसरी वजह है।

### रसीद और तौल व्यवस्था को जांचा

दानदाताओं को दी जानी वाली रसीद व धातुओं की तौल की व्यवस्था को भी जांचा। राममंदिर के पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिंह के आरोपों को देखते हुए श्रद्धालुओं द्वारा दान में दी गई धातुओं के लेने देन की व्यवस्था की गंभीरता से जांच की जा रही है। पूरे रिकार्ड को खंगाला जा रहा है। यह रिकार्ड 2020-21 से देखा जा रहा है और रजिस्ट्रार में अंकित एक-एक आभूषण की जांच-पड़ताल हो रही है। बैंक के लाकर में मौजूद धातुओं का मिलान करने के अलावा उनकी परख भी कराई जा रही है। वहीं मिंट कारपोरेशन के माध्यम से धातुओं को गलाकर कितना शुद्ध सोना-चांदी निकाला गया है, इसकी भी पड़ताल हो रही है।

# मीनाक्षी नटराजन के समर्थन में प्रदर्शन नहीं करने वाले 22 जिला एनएसयूआई अध्यक्षों को नोटिस

## 16 जून को दर्ज कराना था विरोध, कई जिलों में नहीं हुआ कार्यक्रम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में आयोजित प्रदेशव्यापी प्रदर्शन से दूरी बनाना एनएसयूआई के कई जिला अध्यक्षों को भारी पड़ गया है। एनएसयूआई मध्यप्रदेश ने 22 जिला अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

पीसीसी प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 16 जून को जिला स्तर पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश कार्यालय द्वारा व्हाट्सएप, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाई गई थी, इसके बावजूद कई जिलों में प्रदर्शन आयोजित नहीं किया गया। नोटिस में इसे संगठन के प्रति लापरवाही और उदासीनता बताते हुए नाराजगी जताई गई है।

मुरैना, दतिया, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सीधी, कटनी, नरसिंहपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी, बैतूल, देवास, उज्जैन, शाजापुर, नीमच, इंदौर, खरगोन, बड़वानी और अलीराजपुर जिलों के एनएसयूआई जिला अध्यक्षों को नोटिस भेजा गया है। राज्यसभा चुनाव और मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द होने के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार भाजपा और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है। ऐसे समय में एनएसयूआई के जिला अध्यक्षों को नोटिस जारी होने से संगठन के भीतर अनुशासन और सक्रियता को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे कांग्रेस की आंतरिक सक्रियता और जवाबदेही की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

### भाजपा का तंज, आंदोलन नहीं तो दिया नोटिस

प्रदेश भाजपा ने इन अध्यक्षों को दिए गए नोटिस पर तंज कसते हुए कहा है कि यह सिर्फ नोटिस नहीं बल्कि कांग्रेस की स्वीकारोक्ति है कि उसके कार्यकर्ता अब युवा नेतृत्व के कहने पर सड़क पर उतरने को तैयार नहीं हैं। भाजपा ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में हार के बाद की नौटंकी से खुद कांग्रेस का कार्यकर्ता ही सहमत नहीं है। जिस पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं को आंदोलन न करने के लिए नोटिस देना पडे वह जनता का विश्वास क्या जीतेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### लिंबोदी तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● तालाबों के संरक्षण को लेकर नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों के तहत लिंबोदी तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने तालाब का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा (बबलू), अपर आयुक्त आशीष पाठक सहित नगर निगम के संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर नगर निगम शहर के भूजल स्त्रोतों और तालाबों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। लिंबोदी तालाब में अमृत योजना के तहत लगभग 5.50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गहरीकरण, वॉल पिचिंग और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं।

### इंदौर में NEET (UG) 2026 की परीक्षा को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रविवार 21 जून को NEET (UG) 2026 की पुन: परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार को केंद्रीय विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम परीक्षा के दौरान रहेंगे। हृश्वश्वञ्ज परीक्षा के लिए इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 23,089 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए है कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### कल्पना धुर्वे परस्ते ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के आईटी-ईआरपी सेल, जबलपुर में पदस्थ प्रोग्रामर श्रीमती कल्पना धुर्वे परस्ते को आईटी एवं ईआरपी प्रणालियों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कंपनी के 'ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। मुख्यालय में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

### दिव्यता और भव्यता का अद्भुत संगम 20-21 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय रंगमंच की चर्चित और भव्य नाट्य प्रस्तुति 'मेरे कृष्ण' आगामी 20 और 21 जून को प्रतिष्ठित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, इंदौर में चार विशेष प्रदर्शनों के साथ मंचित की जाएगी। देशभर में लाखों दर्शकों का प्रेम प्राप्त कर चुकी यह प्रस्तुति भक्ति, भावनाओं, संगीत और आधुनिक रंगमंचीय तकनीक का अनुपम संगम है।

### आरएसपीएल ग्रुप ने लॉन्च किया घड़ी रैपिड वॉश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के सबसे भरोसेमंद एफएमसीजी समूहों में से एक और प्रतिष्ठित घड़ी डिटर्जेंट के निर्माता आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी रैपिड वॉश लॉन्च किया है, जो रोज़मर्रा की बाल्टी में कपड़े धोने की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया एक लिक्विड डिटर्जेंट है। यह लॉन्च भारतीय होम केयर श्रेणी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उपभोक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करता है।

---

**निर्माण एजेंसियों को समय सीमा में काम पूरा करने की चेतावनी**

# मैदान में उतरे आयुक्त, मास्टर प्लान सड़क कार्यों की टटोली नब्ज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सड़क अधोसंरचना विकसित करने के लिए चल रहे मास्टर प्लान सडक निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने बुधवार सुबह नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल स्वयं मैदान में उतरे।

उन्होंने विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों, पुलिया कार्यों और सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री नरेश जायसवाल, उप यंत्री पराग अग्रवाल सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने सबसे पहले गुटकेश्वर मंदिर से सदर



बाजार रोड तथा जिसी चौराहा से नेमिनाथ चौराहा तक प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

**सड़क पर मलबा देख भड़के आयुक्त:** इस दौरान उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के लिए हाल ही में की गई रिमूवल कार्रवाई के बाद मार्ग पर पड़े मलबे और अवशेषों पर नाराजगी जताई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सड़क किनारे पड़े मलबे को में तत्काल हटाकर पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित किया जाए, ताकि निर्माण कार्यों में बाधा न आए और आम नागरिकों को आवागमन परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

**होगी सुविधाएं**-आयुक्त सिंघल ने कहा कि मास्टर प्लान सडकों का निर्माण शहर के यातायात दबाव को कम करने और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर के प्रमुख मार्गों पर आवागमन अधिक सुगम होगा, ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

निरीक्षण के अगले चरण में आयुक्त सिंघल ने जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा के बीच निर्माणाधीन पुलिया का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित एजेंसी से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सके बाद उन्होंने जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहा तथा मधुमिलन चौराहा से छावनी तक बन रही मास्टर प्लान सड़क का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण की तकनीकी गुणवत्ता, कार्य प्रगति, उपलब्ध संसाधनों और निर्माण एजेंसी की कार्यशैली की समीक्षा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा में पूरी हों और निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

---

# तीन पार्षदों पर फैसला नहीं लेने पर हाईकोर्ट की सख्ती

### सरकार को अंतिम एक माह की मोहलत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम इंदौर के तीन पार्षदों के खिलाफ लंबित दलबदल प्रकरण में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य शासन को निर्णय लेने के लिए एक माह की अंतिम मोहलत दी है। अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में फैसला नहीं हुआ और याचिकाकर्ता को दोबारा न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, तो संबंधित अधिकारी से न्यायालयीन खर्च व्यक्तिगत रूप से वसूला जा सकता है। मामला वार्ड क्रमांक-45 की पार्षद सोनिला मिमरोट द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका में पार्षद ममता सुभाष सुनेर, शिवम यादव और विनीता धर्मेंद्र मौर्य के खिलाफ दलबदल का आरोप लगाते हुए उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का दावा है कि चुनाव जीतने के बाद इन पार्षदों ने अपनी मूल राजनीतिक निष्ठा छोडक़र दूसरे दल का समर्थन किया, जिससे वे दलबदल कानून के तहत अयोग्यता की श्रेणी में आते हैं। याचिका के अनुसार, इस संबंध में 20 मई 2024 को मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 17 (3) के तहत राज्य शासन के समक्ष




आवेदन प्रस्तुत किया गया था, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया।

इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 26 अगस्त 2025 फाइनल मोका को राज्य शासन को दो माह के भीतर सभी पक्षों को सुनकर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। अवमानना याचिका की सुनवाई में हाईकोर्ट ने शासन को अंतिम अवसर देते हुए एक माह के भीतर प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना पर संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत जिम्मेदारी का सामना करना पड़ सकता है।

---

# इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन शनिवार को

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में होगा आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिले के चन्द्रावतीगंज में 20 जून को इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर विशेष रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं कलेक्टर शिवम वर्मा ने कार्यक्रम स्थल सागर गार्डन, चन्द्रावतीगंज पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के दल के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत जायजा लिया तथा विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंच व्यवस्था,



पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**अफसरों को निर्देश**-मंत्री सिलावट एवं कलेक्टर वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं तथा आगंतुकों एवं आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर समुचित सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हो सके। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश भी दिए गए।

---

**आयुक्त ने कंट्रोल रूम पहुंच संभाला मोर्चा, रिसाव की सूचना मिलते ही निगम अधिकारियों ने एहतियातन दोनों चरणों के सभी पंप बंद किए**

# नर्मदा पाइपलाइन में लीकेज, थमी शहर की जलधारा, हजारों परिवार प्रभावित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली नर्मदा जल प्रदाय व्यवस्था बुधवार सुबह अचानक उस समय प्रभावित हो गई, जब जलूद क्षेत्र में नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण की मुख्य पाइपलाइन में बड़ा लीकेज हो गया। सुबह करीब 6:45 बजे 1400 मिमी व्यास की जीआरपी पाइपलाइन में रिसाव की सूचना मिलते ही निगम अधिकारियों ने एहतियातन दोनों चरणों के सभी पंप बंद कर दिए। इसके चलते शहर के कई हिस्सों में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई और हजारों परिवारों के सामने पानी की समस्या खड़ी हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल स्वयं बिजलपुर स्थित नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे और मौके पर मौजूद अधिकारियों से मरम्मत कार्य एवं जलापूर्ति



व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक सहित जलकार्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निगम अधिकारियों के अनुसार लीकेज सुधार कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया।

**आज कई क्षेत्रों में कम दबाव या कम मात्रा में पानी मिलेगा पानी**-तकनीकी टीमों ने लगातार कई घंटों तक काम करते हुए पाइपलाइन की मरम्मत की और दोपहर 2:25 बजे नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण के पंपों को पुन: चालू कर दिया। हालांकि पंप बंद रहने के कारण जलाशयों और टंकियों में पर्याप्त जल संग्रहण नहीं हो सका, जिसका असर अगले दिन की जलापूर्ति पर भी पड़ने की संभावना है बुधवार को बिलावली और अन्नपूर्णा टंकी क्षेत्र में प्रत्यक्ष जलप्रदाय प्रभावित रहा, जबकि गुरुवार 18 जून को कई क्षेत्रों में कम दबाव या कम मात्रा में पानी मिलने की आशंका जताई गई है। प्रभावित क्षेत्रों में अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर-103, छत्रीबाग, राज मोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा क्षेत्र, नरवल, अगरबत्ती क्षेत्र, कुशवाह मोहल्ला, टिगरिया बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल क्षेत्र तथा भक्त प्रहलाद नगर प्रमुख रूप से शामिल हैं। आयुक्त सिंघल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित होने की संभावना है, वहां तत्काल पेयजल टैंकर भेजे जाए और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। जलापूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी रखी जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम पर सूचना दे।

---

# 11 मातृ शक्तियों को मिलेगा 'दैवी अहिल्या अलंकरण', 20 जून को होगा भव्य समारोह




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाजसेवा और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को किया जाएगा सम्मानिता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल होंगे मुख्य अतिथि, पूर्व न्यायाधीश शमीम कुरैशी करेंगे अध्यक्षता इंदौरा श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 11 मातृ शक्तियों को प्रतिष्ठित देवी अहिल्या अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 20 जून को सुबह 10 बजे रीगल चौराहा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल होंगे वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश शमीम कुरैशी करेंगे। ट्रस्ट के पदाधिकारिय पटेल, परमालीया ने बताया कि इंदौर-मालवा की माटी में मां देवी अहिल्याबाई होलकर का नाम पूरे देश और विदेश में प्रसिद्ध रहा है।

---

# 7.19 लाख स्मार्ट मीटर लगे, जिले में हजारों सोलर उपभोक्ताओं को फायदा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिले में अब तक सात लाख उन्नीस हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, इसमें से सात लाख इंदौर शहर में इसके अलावा महू, सांवेर नगरीय् क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इंदौर , महू एवं सांवेर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद हजारों उपभोक्ताओं ने सोलर संयंत्र लगाए हैं। बिजली कंपनी द्वारा नि:शुल्क रूप से लगाए गए स्मार्ट मीटर की क्षमता नेट मीटर की हैं, इसलिए ये नेट मीटर के रूप में भी स्वत: कार्य करते हैं, इसलिए सोलर उत्पादन करने वाले उपभोक्ताओं को पृथक से सोलर उत्पादन की गणना करने के लिए 15, 20 हजार के मीटर की जरूरत नहीं होती है। सोलर की बिलिंग आदान प्रदान के आधार पर ही उपभोक्ता के बिल जारी होते हैं यदि उपभोक्ता ने सोलर से उत्पादन ज्यादा किया और खपत कम की तो उतनी यूनिट की बिल में क्रेडिट होती हैं, यदि उपभोक्ता ने खपत ज्यादा की और छत से बिजली कम बनी तो अतर यूनिट का बिल संबंधित माह विशेष में जारी किया जाता है। यदि उपभोक्ता ने सतत ज्यादा बिजली बनाई , खपत कम रही तो



सितंबर, अक्टूबर में शासन द्वारा निर्धारित दर से क्रेडिट यूनिट की राशि उपभोक्ता के बिजली खात् में रूपए के रूप में जमा की जाती है। इंदौर शहर में कई उपभोक्ता इस तरह जीरो बिल पर माहों से बिजली उपभोग कर रहे हैं, उन्हें सितंबर, अक्टूबर में जो राशि जमा की गई, वे न्यूनतम बिल राशि जो प्राय: 100 से 300 रूपए मासिक तक आती हैं, वह राशि समायोजित होती हैं, इस तरह सोलर वाले कुछ उपभोक्ताओं को वर्ष में बिजली कंपनी को एक रूपया भी बिजली बिल राशि के रूप में जमा नहीं कराना होता है।

---

### पीएफ खाताधारकों के लिए बड़ी खुशखबरी, सरकार सीधे खाते में भेजेगी हजारों रुपए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय के भविष्य निधि आयुक्त रमेश कुमार ने एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से चर्चा की। इस बातचीत में उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इंदौर कार्यालय पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा कार्यालय है, जिसका क्षेत्राधिकार इंदौर सहित आसपास के 8 प्रमुख जिलों तक फैला हुआ है। यह कार्यालय वर्तमान में 45 लाख से अधिक पीएफ खाताधारकों एवं उनके परिवारों, 70,000 से अधिक पेंशनभोगियों तथा 30,000 से अधिक पंजीकृत प्रतिष्ठानों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान कर रहा है। इसी संदर्भ में विभाग द्वारा एक बड़ी और नई पहल की शुरुआत की जा रही है।

---

**अभियोजन द्वारा 12 गवाहों प्रस्तुत करने के बाद भी**

# पुलिस से मारपीट के आरोपी को किया सत्र न्यायालय ने दोषमुक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पुलिस के साथ मारपीट के आरोप में अभियोजन द्वारा 12 गवाह प्रस्तुत करने के बाद भी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के आदेश के विरूद्ध न्यायालय पन्द्रहवें अपर सत्र न्यायाधीश जिला इन्दौर नरसिंह बघेल साहब के समक्ष अपील को माननीय न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अपीलार्थी राका, उर्फ राकेश, नीलेश, विजय और महेश को भारतीय दंड संहिता की धाराओं से दोष मुक्त किया। अभियुक्तगणों की और से पैरवी एडव्होकेट ललित नरवरे के साथ एडव्होकेट शुभम नरवरे, एडव्होकेट गजानन्द सुनहरे सहित साथी अधिवक्ताओं ने की।

अभियोजन मामला इस प्रकार रहा कि 1 मार्च 2010 को होली एवं धुलेडी को आरक्षक जयप्रकाश को पता चला कि बक्षीबाग में झगडा हो रहा है, जिसमें नीतू नामक व्यक्ति को आरोपी अभियुक्त गणों द्वारा मारे



जाने और आरक्षक द्वारा रोके जाने पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की रिपोर्ट अंतर्गत थाना में खिलाई गई। जिसमें धारा अपराधा धारा 147, 353, 332, 199 भारतीय दण्ड संहिता के तहत आरोप लगाए गए। जिसमें अभियुक्तगणों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी इन्दौर जिला के न्यायालय के आदेश धारा 147, 323 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत दोषी पात हुए तीन माह सश्रम कारावास तथा 500 रूपए के अर्थदण्ड से तथा धारा 323 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 3 माह के कारावास, 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के आदेश के विरुद्ध न्यायालय पन्द्रहवे अपर सत्र न्यायाधीश जिला इन्दौर माननीय नरसिंह बघेल साहब के समक्ष अपील में एडव्होकेट ललित नरवरे के साथ एडव्होकेट शुभम नरवरे, एडव्होकेट गजानन्द सुनहरे द्वारा किए गए तर्कों को माननीय न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अभियुक्त / अपीलार्थी राका, उर्फ राकेश, नीलेश, विजय और महेश को भारतीय दंड संहिता की धाराओं से दोष मुक्त किया। बिचारण न्यायालय न्यायालय ने निर्णय में अभियुक्त गण एवं अपील में आरोपी मण के विरुद्ध अपराध संदेह प्रमाणित ना होने से दोष मुद्रा किया गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 18 जून 2026

न्यूज़ ब्रीफ

### पंचकुइया में निर्मोही अखाड़े के श्रीमहंत मदनमोहनदास महाराज पधारे, किया सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में वृंदावन से निर्मोही अखाड़े के श्रीमहंत मदनमोहनदास महाराज पधारे उन्होंने भगवान टीकम जी का दर्शन किया। सैकड़ों भक्त उमड़े, फूलो की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज ने बताया कि बुधवार सुबह मंदिर पर श्रीमहंत मदनमोहनदास महाराज पधारे भक्तों ने फूलों की पंखुड़ियां वर्षा कर का स्वागत किया। वेद मंत्रों के बीच भगवान टीकम जी का पूजन अर्चन कर दर्शन किया। भगवान विश्वेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन किया, मंदिर के ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज, महंत गंगादास महाराज फलाहारी बाबा के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनका स्मरण किया।

### खाटू श्याम धाम का वार्षिक महोत्सव 20 से, कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम का 29वां वार्षिक महोत्सव इस बार शनिवार, 20 जून से शुक्रवार, 26 जून तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान श्री खाटू श्याम महायज्ञ, खाटू श्याम भागवत, भजन संकीर्तन, बाबा की पवित्र ज्योत के दर्शन सहित विभिन्न अनुष्ठान महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज के सानिध्य में होंगे। महंत नीलू बाबा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 20 जून को सुबह 8 बजे से खाटू श्याम महायज्ञ के साथ होगा। सुबह 9 बजे स्मृति नगर स्थित शिव मंदिर से खाटू श्याम धाम अम्बिकापुरी तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु परम्परागत परिधान में शामिल होंगे। महोत्सव में 20 जून से 24 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से व्यास पीठ पर विराजित होकर दिल्ली वाले स्वामी संजय प्रभाकर खाटू श्याम भागवत की संगीतमय कथा की अमृत वर्षा करेंगे।

### सुखद वर्षा की कामना से प्राचीन मदन मोहनलाल मंदिर पर 56 भोग एवं महाप्रसाद से किया गया श्रृंगार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गोराकुंड, एमजी रोड स्थित प्राचीन मदन मोहनलाल मंदिर परिसर पर ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में भगवान को 56 भोग एवं महाप्रसाद समर्पित कर समूचे अंचल में सुखद वर्षा की प्रार्थना की गई। मंदिर के प्रमुख अनुराग शर्मा एवं आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में समूचे मंदिर परिसर को शुद्ध घी के व्यंजनों से श्रृंगारित किया गया। मंदिर से जुड़े राजेश जोशी ने बताया कि श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर पर बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों में प्रसाद का वितरण भी किया गया।

### 'लव यू जिन्दगी' में इस बार 20 जून को टूटते रिश्तों पर चर्चा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के 'लव यू जिन्दगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में शनिवार 20 जून को सखियाँ दोपहर 1 बजे से टूटते और बिखरते रिश्तों पर एक परिसंवाद में भागीदारी के बाद मल्हार मेगा मॉल स्थित राजहंस सिनेमा में फिल्म का आनंद लेंगी। ड्रेस कोड डेनिम रखा गया है। प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल एवं मोनिका ने बताया कि लव यू जिन्दगी का यह आठवां सत्र होगा, जिसमें उन सभी सखियों को आमंत्रित किया गया है।

# प्रदेश में नौसिखिए के हाथ में दी पार्टी की कमान
# महिदपुर में कांग्रेस पर बरसे सीएम मोहन यादव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●महिदपुर के लोकार्पण समारोह में बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। मीनाक्षी नटराजन के नामांकन विवाद का बिना नाम लिए जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व और संगठन पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने मंच से कहा- कांग्रेसी कान खोलकर सुन लें, महिलाओं के लिए तुमने कभी एक कौड़ी का काम नहीं किया। जब सरकार लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों के खातों में पैसे भेजती है तो कांग्रेस के लोग कहते हैं कि महिलाएं उस पैसे से शराब पीती हैं। ऐसे बयान देने वालों को शर्म आनी चाहिए।सीएम यहीं नहीं रुके। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पप्पू और पप्पू को चलाने वाले चप्पू, सब एक ही लाइन में खड़े हैं। पार्टी की कमान नौसिखियों को सौंप दी गई है। अब अगर कोई गाड़ी आगे बढ़ाने की बजाय पीछे ठोक दे, तो उसमें हमारा क्या दोष। कांग्रेस अपने कर्मों की सजा भुगत रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में महिदपुर के डोंगला का भी उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में दुनिया अपनी घड़ियों का स्टैंडर्ड टाइम महिदपुर के डोंगला से तय करेगी, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय होगा।



#### 207 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिदपुर और डेलनपुर में करीब 207 करोड़ रुपए की लागत से तैयार विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 188.42 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सामाकोटा बैराज परियोजना प्रमुख रही। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया, नागदा विधायक तेज बहादुर सिंह, घट्टिया विधायक सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

#### 18 गांवों के किसानों को मिलेगा सिंचाई का लाभ

मुख्यमंत्री ने छोटी कालीसिंध नदी पर बने सामाकोटा बैराज का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र के 18 गांवों के 11 हजार से अधिक किसान परिवारों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परियोजना का लाभ नलखेड़ा, पनोडिया, नीमखेड़ा, घट्टियाजस्सा, मेलाखेड़ी, खोरियापदमा, खेरला, लसूड़ियानहाटा, नागपुरा, छज्जुखेड़ी, देलाखेड़ी, डूंगरखेड़ी, खेड़ामद्दा, कसोन, महिदपुरिया, सोमचिड़ी और झारड़ा सहित कई गांवों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डेलनपुर बालाजी धाम में आयोजित श्रीराम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में भी शामिल हुए। उन्होंने ध्वज स्थापना, कलश प्रतिष्ठा और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की तथा धर्मसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम जैसा परिवार और रामराज्य जैसी व्यवस्था हर व्यक्ति की इच्छा होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के बाद अब चित्रकूट धाम को भी भव्य स्वरूप देने की दिशा में सरकार काम कर रही है। जहां-जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं, उन सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डेलनपुर बालाजी धाम में फर्श और बाउंड्री वॉल निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 19 करोड़ रुपए से अधिक लागत के अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया। इनमें उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 4.35 करोड़ रुपए की लागत से बने महाविद्यालय भवन, सेमलिया, महिदपुर रोड और कुंडीखेड़ा में कन्या विद्यालय भवन, मोचीखेड़ा में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र तथा झारड़ा क्षेत्र के 13 उप स्वास्थ्य केंद्र भवन शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि गांवों तक विकास का लाभ पहुंच सके।

## राम मंदिर की दान राशि में करोड़ों रुपये की चोरी के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, दीपक छाबड़ा, दीपक वानखेडे के नेतृत्व मै अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दी गई करोड़ों रुपये की दान राशि में कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में आज शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर देश के करोड़ों लोगों की आस्था, श्रद्धा और विश्वास का केंद्र है। मंदिर निर्माण एवं उसके संचालन के लिए देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा के अनुसार दान दिया है। ऐसे में दान राशि में कथित गड़बड़ी और




चोरी की खबरें अत्यंत चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। यह केवल आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं बल्कि करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं और विश्वास से जुड़ा विषय है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख चंपत राय से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि यदि मंदिर जैसी पवित्र संस्था में भी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं तो उसकी निष्पक्ष जांच कर सच्चाई देश के सामने लाना आवश्यक है।

## अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के मिलन समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान, पौधरोपण एवं मूक परिंदों की सेवा का संकल्प



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के तत्वावधान में केसर बाग रोड स्थित विट्ठल रुक्मणी गार्डन पर समाजसेवी राजेश गर्ग केटी एवं शिक्षाविद प्रो. डॉ. शंकरलाल गर्ग के मुख्य आतिथ्य में पारिवारिक स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल ने अतिथियों का परिचय दिया। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने महासभा की भावी योजनाएं और गतिविधियाँ बताई। अतिथियों ने इस मौके पर समाज बंधुओं को वर्षाकाल में पौधरोपण एवं ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों की सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर संस्थापक ओमप्रकाश चायवाले, रत्नेश गोयल, प्रमुख सलाहकार राजेंद्र गर्ग समर्पण, पूर्व अध्यक्ष शिव गर्ग, सुरेश गुप्ता, संजय गोयनका एवं प्रचार मंत्री अभिषेक सोनथलिया के साथ कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कर उन्हें प्रमाण पत्र एवं मंजूषा भेंट की एवं उनके माता-पिता का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पार्षद मृदुल अग्रवाल, रितेश राजवंशी एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अहंकार और अभिमान है अनेक बुराइयों की जड़ - प.पू. आदित्य मुनि म.सा.

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हीनता और श्रेष्ठता, दोनों ही आत्मिक प्रगति में बाधक हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए समता का भाव होना चाहिए क्योंकि समता ही आत्मा का स्वाभाव है और समभाव ही सच्चे सुख का आधार है। जिस दिन मनुष्य को शरीर और आत्मा का वास्तविक भेद समझ में आ जाएगा, उस दिन वह दु:ख के मार्ग से हटकर सुख, शांति और आत्मकल्याण के राजपथ पर सरपट दौड़ता चला जाएगा। अहंकार और अभिमान अनेक बुराइयों की जड़ है। ये दिव्य विचार हैं प.पू. आचार्य रामेश के सुशिष्य शासन दीपक प.पू. आदित्य मुनि महाराज के, जो उन्होंने बुधवार को साकेत नगर, बैकुंठ धाम में साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। आचार्य भगवन प.पू. रामलाल म.सा. के शिष्य प.पू. आदित्य मुनि म.सा. एवं अटलमुनि म.सा. अदिठाना द्वारा बैकुंठ धाम कॉलोनी में बड़े गार्डन के सामने नियमित रूप से प्रवचनों की अमृत वर्षा की जा रही है।

## बुजुर्गों के सम्मान की परम्परा एक समृद्ध, शालीन और संस्कारित समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाज और परिवार में बुजुर्गों का स्थान उस माली की तरह होता है जो अपने बगीचे के प्रत्येक फूल और कली को बड़े जतन से सहेजता-संवारता और बड़ा करता है। जिस बगीचे में माली नहीं होता, वह बहुत जल्दी उजड़ जाता है। महाराजा अग्रसेन के वंशज होने के नाते हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमारे बच्चे और उनके भी बच्चे बुजुर्गों के सम्मान और आदर के संस्कार में रचे-बसे हुए हैं। बुजुर्गों के सम्मान की परम्परा एक समृद्ध, शालीन और संस्कारित समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करेगी। सम्पत्ति के साथ हम अपने बच्चों को संस्कार भी सौंपकर जाएं, यही हमारा सबसे बड़ा संकल्प होना चाहिए। ये प्रेरक विचार हैं वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं देशभर से आए उन अतिथियों के, जिन्होंने श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में



राजीव गाँधी चौराहा स्थित होटल सौलारिस पर आयोजित 81 वर्ष से अधिक आयु वाले 6 राज्यों के 81 वरिष्ठजनों के सामूहिक अमृत महोत्सव में व्यक्त किए। यह पहला अवसर था जब महासभा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल बंसल के सुझाव पर देशभर के इन बुजुर्गों को उनके परिजनों सहित इंदौर आमंत्रित कर उनका सामूहिक अमृत महोत्सव मनाया गया।

## कानून पर एनसीसी कैडेट्स को तनुज दीक्षित ने उद्बोधन दिया

### एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में अधिवक्ता तनुज दीक्षित ने किया जागरूक, कहा, डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एमपी गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महिला सुरक्षा, पॉश अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं कानूनी उत्तरदायित्व विषय पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र में मुख्य वक्ता अधिवक्ता तनुज दीक्षित ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जानकारी और तकनीक जितनी तेजी से बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध और ऑनलाइन शोषण के नए स्वरूप भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है।

सत्र के दौरान अधिवक्ता दीक्षित ने 550 से अधिक एनसीसी कैडेट्स को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा डिजिटल माध्यमों से जुड़े कानूनी दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक माध्यमों का गलत उपयोग व्यक्ति के भविष्य, प्रतिष्ठा और कानूनी स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कैडेट्स को फर्जी पहचान, ऑनलाइन उत्पीड़न, निजी जानकारी के दुरुपयोग, साइबर ठगी तथा डिजिटल माध्यमों पर होने वाले अपराधों से बचाव के उपायों से भी अवगत कराया। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों के प्रति संवेदनशील रहने और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक अथवा अपराधजन्य गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित प्राधिकरण को देने का आह्वान किया। संवादात्मक सत्र के दौरान कैडेट्स ने साइबर सुरक्षा, व्यक्तिगत गोपनीयता एवं कानूनी अधिकारों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका अधिवक्ता दीक्षित ने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। इस अवसर पर कर्नल टी. एन. सिंह, मेजर एकता जायसवाल, एएनओ, जीसीआई, पीआई स्टाफ तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुरक्षित, जागरूक एवं उत्तरदायी युवा शक्ति के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### दल बदल की नई दस्तक: मतदाताओं के भरोसे पर भारी पड़ रही अवसर की राजनीति

शिवसेना में बगावत कोई पहली बार नहीं हुई है। करीब चार साल पहले एकनाथ शिंदे की अगुआई में कई विधायक उद्धव ठाकरे से अलग हो गए थे। पश्चिम बंगाल के बाद महाराष्ट्र की सियासत में बगावत की आहट से ऐसा प्रतीत होता है कि अब सिद्धांतों की राजनीति हाशिए पर जा रही है। नहीं तो क्या वजह है कि किसी दल की विचारधारा के साथ चलने वाले और उसके चुनाव चिह्न पर जीत हासिल करने वाले नेता या तो अपना अलग गुट बना रहे हैं या दूसरे किसी दल का दामन थाम रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के बाद अब शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के कुछ सांसदों के अलग गुट बनाने और उसकी मान्यता के लिए प्रयास करने की अटकलों के बीच फिर यह सवाल उठा है कि अगर जनप्रतिनिधि सुविधा और अवसर की राजनीति करेंगे, तो उन मतदाताओं के विश्वास का क्या होगा, जिन्होंने उन पर भरोसा किया था। यह निराशाजनक है कि कोई दल सत्ता के गणित में जब कमजोर हो जाता है, तो उसके नेता सुविधा की सियासत करने लगते हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब आम आदमी पार्टी के कुछ सांसदों ने अलग गुट बनाकर सत्तारूढ़ दल में अपना विलय कर लिया था। स्पष्ट है कि सिद्धांतों की दुहाई देने वाले नेता कब अपना दल छोड़ देंगे, कुछ कहा नहीं जा सकता। शिवसेना में बगावत कोई पहली बार नहीं हुई है। करीब चार साल पहले एकनाथ शिंदे की अगुआई में कई विधायक उद्धव ठाकरे से अलग हो गए थे। राजनीति में सिद्धांतों की बुनियाद किस तरह कमजोर हो रही है, इसे महाराष्ट्र के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम से एक बार फिर समझा जा सकता है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में मौजूदा उथल-पुथल पार्टी को फिर मुश्किल में डाल सकती है। यही वजह है कि पार्टी ने अपने सांसदों को महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल होने का व्हिप जारी किया है, ताकि अनुपस्थित रहने वालों पर कार्रवाई की जा सके। साथ ही पार्टी के कुछ सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर नियमों के अनुरूप फैसला करने का आग्रह किया है। ऐसा लगता है कि इस दल के समक्ष वर्ष 2022 जैसा संकट खड़ा हो गया है, मगर इससे भी बड़ा संकट लोकतंत्र के लिए है, जहां निर्वाचित प्रतिनिधि सत्ता की लालसा में सिद्धांतों का त्याग कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) फूट के कगार पर दिख रही है। बुधवार को यह अटकलें तब शुरू हुई जब पार्टी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने प्रतिद्वंद्वी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की कोशिश की।

# वर्दी के उस पार : पुलिस नहीं, समाज का चेहरा



लोकतंत्र में पुलिस शायद उन विरल संस्थाओं में से एक है, जो एक साथ विश्वास, भय, अपेक्षा और असंतोष का केंद्र बनी रहती हैं। दुनिया के लगभग हर समाज में पुलिस व्यवस्था को लेकर प्रश्न उठते हैं—कहीं भ्रष्टाचार को लेकर, कहीं अधिकारों के अतिक्रमण को लेकर, तो कहीं नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के अभाव को लेकर। इन प्रश्नों का उठना लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का संकेत है, क्योंकि किसी भी सार्वजनिक संस्था को आलोचना से परे नहीं माना जा सकता। किन्तु इस बहस के बीच एक ऐसा प्रश्न है, जिसे हम प्राय: अनदेखा कर देते हैं। क्या पुलिस वास्तव में केवल एक प्रशासनिक संस्था है, अथवा वह उस समाज का प्रतिरूप भी है, जिसने उसे जन्म दिया है?

हमारी सामान्य प्रवृत्ति पुलिस और समाज को दो पृथक संसारों की तरह देखने की है। मानो वर्दी पहनते ही कोई व्यक्ति सामाजिक जीवन के सामान्य नियमों और संस्कारों से मुक्त होकर किसी अलग ही व्यवस्था का हिस्सा बन जाता हो। जबकि सच इसके ठीक विपरीत है। पुलिसकर्मी किसी अन्य ग्रह से नहीं आते। वे उसी मिट्टी में जन्म लेते हैं, उसी पारिवारिक वातावरण में बड़े होते हैं, उन्हीं विद्यालयों में पढ़ते हैं, उन्हीं सामाजिक मान्यताओं को आत्मसात करते हैं और उन्हीं आकर्षणों, दबावों तथा महत्वाकांक्षाओं के बीच अपना व्यक्तित्व गढ़ते हैं, जिनके बीच हम सब अपना जीवन व्यतीत करते हैं।

इस दृष्टि से देखें तो पुलिस समाज से बाहर खड़ी संस्था नहीं, बल्कि समाज की संगठित अभिव्यक्ति है। इसलिए जब हम पुलिस की किसी विकृति पर उंगली उठाते हैं, तब कहीं न कहीं उस सामाजिक संरचना की ओर भी संकेत कर रहे होते हैं, जिसने उन विकृतियों को जन्म दिया है। वास्तविक संकट पुलिस से अधिक हमारे सामूहिक नैतिक चरित्र का है। हम कानून के शासन की बात करते हैं, किंतु जब वही कानून हमारे हितों के प्रतिकूल पड़ता है, तो उसके अपवाद खोजने लगते हैं। हम निष्पक्षता का समर्थन करते हैं, परंतु अपने परिचितों के लिए विशेष व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। हम भ्रष्टाचार को सार्वजनिक रूप से कोसते हैं, किंतु निजी सुविधा के लिए उसी भ्रष्टाचार का सहारा लेने में संकोच नहीं करते।

विडंबना यह है कि हम नियमों के पालन की अपेक्षा दूसरों से करते हैं, स्वयं से नहीं। यदि कोई अधिकारी प्रभाव, धन अथवा सामाजिक दबाव के आगे झुक जाए, तो उसे व्यवहारकुशल कहा जाता है; लेकिन यदि वही अधिकारी नियमों का कठोरता से पालन करे, तो उसके लिए संवेदनहीन, अक्खड़ या भ्रष्ट जैसे विशेषण खोज लिए जाते हैं। यह विरोधाभास केवल पुलिस व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें नैतिकता को सिद्धांत नहीं, सुविधा की वस्तु समझ लिया गया है। किसी भी राष्ट्र की संस्थाएँ शून्य में निर्मित नहीं होतीं। वे उसी सांस्कृतिक और नैतिक वातावरण की उपज होती हैं, जिसमें समाज साँस लेता है। यदि किसी समाज में प्रभाव को योग्यता से अधिक महत्व मिलता हो, यदि सफलता को चरित्र से ऊपर रखा जाता हो और यदि सत्य की तुलना में सुविधा अधिक आकर्षक लगती हो, तो उसकी संस्थाओं में भी वही प्रवृत्तियाँ दिखाई देंगी।

निस्संदेह, इसका अर्थ यह नहीं कि पुलिस की कमियों को अनदेखा कर दिया जाए। शक्ति का दुरुपयोग, अन्याय और भ्रष्टाचार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकते। लोकतंत्र में जवाबदेही अनिवार्य है। परंतु केवल संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से समस्या का समाधान नहीं होता। यदि हम परिणामों पर आक्रोश व्यक्त करते रहें और उनके सामाजिक कारणों को समझने से बचते रहें, तो सुधार की प्रक्रिया अधूरी ही रहेगी। हमारे सार्वजनिक विमर्श की एक और दुर्बलता है। हम अच्छाई को सामान्य मान लेते हैं और बुराई को असाधारण घटना बनाकर प्रस्तुत करते हैं। दंगों, महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और संकट के समय हजारों पुलिसकर्मी अपने परिवारों से दूर रहकर समाज की सुरक्षा में लगे रहते हैं। अनेक बार वे अपने स्वास्थ्य और जीवन तक को जोखिम में डाल देते हैं। किंतु उनके त्याग की कहानियाँ प्राय: चर्चा का विषय नहीं बनतीं।

इसके विपरीत, किसी एक अधिकारी की गलती पूरे पुलिस तंत्र की पहचान बना दी जाती है। एक परिपक्व समाज का दायित्व केवल अन्याय की आलोचना करना नहीं, बल्कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान करना भी है। सत्य न तो केवल निंदा में निहित है और न केवल प्रशंसा में; वह दोनों के बीच संतुलित दृष्टि में निवास करता है।

दरअसल, पुलिस पर होने वाली हर चर्चा समाज के आत्ममंथन का अवसर भी होनी चाहिए। यदि दर्पण में दिखाई देने वाला चेहरा असुंदर लगे, तो दोष दर्पण का नहीं होता। दर्पण तो केवल वही दिखाता है जो उसके सामने उपस्थित है। पुलिस भी कुछ ऐसी ही संस्था है। उसमें हमें अपने ही समाज का अनुशासन, अपनी ही नैतिकता, अपने ही समझौते और अपनी ही कमजोरियाँ प्रतिबिंबित दिखाई देती हैं।

इसलिए स्थायी परिवर्तन केवल नए कानूनों, आयोगों या प्रशासनिक सुधारों से नहीं आएगा। उसका आरंभ मनुष्य के भीतर होगा। जब परिवार सफलता के साथ सत्यनिष्ठा का संस्कार देंगे, जब विद्यालय उपलब्धियों के साथ चरित्र निर्माण को भी महत्व देंगे, और जब नागरिक स्वयं नियमों के पालन को अपना नैतिक दायित्व मानेंगे, तभी संस्थाएँ भी बदलेंगी।

किसी व्यवस्था का वास्तविक उत्थान संसदों, सचिवालयों और पुलिस मुख्यालयों से पहले नागरिक के अंत:करण में प्रारंभ होता है।

अंतत: पुलिस सुधार का प्रश्न समाज सुधार से अलग नहीं है। पुलिस कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि उसी समाज का अनुशासित और संगठित रूप है, जिसे हमने अपने व्यवहार, मूल्यों और प्राथमिकताओं से निर्मित किया है। इसलिए पुलिस को बदलने की आकांक्षा से पहले हमें स्वयं से यह पूछना चाहिए—क्या हम ऐसे समाज के निर्माण के लिए तैयार हैं, जिसकी वर्दी को देखकर हमें आलोचना नहीं, गर्व का अनुभव हो?



**राजकुमार जैन,** स्वतंत्र विचारक

### स्त्री नहीं, सोच घर बनाती और बिगाड़ती है

**हमारे** समाज में कुछ फैसले ऐसे हैं जिन पर कभी बहस नहीं हुई, फिर भी वे अंतिम सत्य मान लिए गए हैं। उन्हीं में से एक है— 'घर बनाती भी स्त्री है और और घर बिगाड़ती भी वही है।' परिवार में सुख, संस्कार और रिश्तों में मधुरता हो तो कहा जाता है— 'बहू बहुत अच्छी मिली है।' लेकिन तनाव या विघटन होते ही आरोप सबसे पहले उसी पर आता है, मानो घर किसी एक व्यक्ति द्वारा चलने वाली व्यवस्था हो। यह केवल सामाजिक पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि वह मानसिकता है जिसने स्त्री के त्याग को कर्तव्य और उसकी पीड़ा को नियति मान लिया है। प्रश्न यह नहीं कि स्त्री की भूमिका महत्वपूर्ण है या नहीं—वह निस्संदेह है, बल्कि यह है कि क्या वह अकेली जिम्मेदार है? यदि घर बनाना सामूहिक प्रक्रिया है, तो उसका बिगड़ना भी सामूहिक विफलता है। फिर हर बार कठघरे में केवल स्त्री ही क्यों? यह प्रश्न परिवार के भविष्य से जुड़ा है। हम अक्सर घर को चार दीवारों और छत का नाम मान लेते हैं, जबकि वह भावनाओं, संघर्षों और रिश्तों से बनी एक जीवंत व्यवस्था है। वहां भावनाएं, उम्मीदें, समझौते और रिश्ते सभी रहते हैं। इसमें माता, पिता, बच्चे और बुजुर्ग सभी की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। फिर भी यह धारणा बना ली गई है कि घर की सफलता का श्रेय पूरे परिवार को मिलेगा, लेकिन उसकी विफलता का दोष केवल स्त्री पर जाएगा। क्या कोई खेत केवल बारिश से लहलहाता है, क्या कोई वृक्ष केवल जड़ों से खड़ा रहता है, क्या कोई नदी केवल एक स्रोत से बहती है? जब हर प्राकृतिक संरचना सामूहिक योगदान से बनती है, तो परिवार जैसी जटिल संस्था की जिम्मेदारी एक ही व्यक्ति पर कैसे डाली जा सकती है? भारतीय समाज ने स्त्री को सम्मान देने के लिए उसे देवी, लक्ष्मी और अन्नपूर्णा कहा, लेकिन यह सम्मान कई बार बोझ बन गया। देवी बना देने से उसके इंसान होने का अधिकार सीमित हो गया—उसके थकने, रोने, गलती करने और अपनी इच्छाएँ रखने की गुंजाइश कम हो गई। उससे अपेक्षा की गई कि वह हर परिस्थिति में मुस्कुराए, सबको जोड़े रखे और स्वयं को सबसे अंत में रखे। विडंबना यह है कि जिस सम्मान के कारण उसे ऊँचा स्थान दिया गया, उसी पर इतना दायित्व डाल दिया गया कि वह दबने लगी, और जब वह थक गई तो कहा गया— 'घर संभाल नहीं पाई।' आज की स्त्री केवल रसोई तक सीमित नहीं है; वह डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, अधिकारी और उद्यमी बनकर परिवार की आर्थिक रीढ़ भी बन रही है। फिर भी जिम्मेदारियाँ उसके साथ समान रूप से साझा नहीं की गई हैं—दफ्तर से लौटने के बाद भी रसोई, बच्चों की पढ़ाई, रिश्तेदारियों का निर्वाह और बुजुर्गों की देखभाल अधिकतर उसी पर बनी रहती है। समाज ने उसके कंधों पर नए दायित्व जोड़ दिए, लेकिन पुराने बोझ कम नहीं किए।

**कृति आरके जैन**

## आंचलिक

### गंदे पानी पर फूटा लोगों का गुस्सा शहरवासी गुरुवार को करेंगे प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● शहर में दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर युवा कांग्रेस ने नगर पालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है। प्रदर्शन दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और शहरवासियों के शामिल होने की संभावना है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित कामदार ने आरोप लगाया कि शहर के कई वार्डों में लोगों को दूषित और अस्वच्छ पानी मिल रहा है। इससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उनका कहना है कि इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, दूषित पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी। संगठन का कहना है कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। संगठन ने प्रदर्शन की तैयारियां शुरू कर दी हैं और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय लोगों के शामिल होने का दावा किया है।

### केन-डिब्बे में डीजल देने पर लगी रोक हटी, राज्य सरकार ने जारी किए आदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर** ● मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों को कृषि कार्यों के लिए केन या डिब्बे में डीजल उपलब्ध कराने की छूट दे दी है। ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण आपूर्ति प्रभावित होने के बाद पेट्रोल पंपों से केन में डीजल देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही थी। इस प्रतिबंध के कारण पंप संचालक केवल ट्रैक्टर की टंकी में ही डीजल भरते थे। केन या डिब्बे में डीजल देने पर पूरी तरह रोक थी, जिसके चलते पेट्रोल पंपों पर किसानों के साथ आए दिन विवाद की स्थिति बनती थी। राज्य सरकार ने 16 जून को एक पत्र जारी कर इस समस्या का समाधान किया है। इस आदेश के तहत, जिला कलेक्टरों को विशेष अधिकार दिए गए हैं। वे स्थानीय परिस्थितियों और किसानों की आवश्यकताओं को देखते हुए केन या डिब्बे में डीजल उपलब्ध कराने संबंधी निर्णय ले सकेंगे। यह नया आदेश 26 मई के पूर्व आदेश की कंडिका-2 में दी गई छूट के अनुरूप है। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि कार्यों के दौरान डीजल की कमी से होने वाले व्यवधान को कम करना और किसानों को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों के किसानों को विशेष राहत मिलने की उम्मीद है, जहाँ कृषि उपकरणों और पंपों के संचालन के लिए डीजल की निरंतर आवश्यकता होती है।

# मान नदी पर 14 करोड़ से बनेगा नया पुल, दो साल में तैयार होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर** ● बाकानेर गांव में मान नदी पर पुल निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की इस परियोजना से बाकानेर, अजंदा, बड़दा, जोतपूर और शरीकपुरार सहित करीब 20 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले इस पुल की कुल लागत 14 करोड़ रुपए है और इसकी लंबाई 285 मीटर होगी।

इस नए पुल के बनने से बाकानेर से अजंड़ और बड़वानी जाने वाले राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी। यात्रियों के लिए करीब 5 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, जिससे क्षेत्र में यातायात का दबाव घटेगा और आवागमन आसान होगा। स्थानीय निवासियों के साथ ही क्षेत्रीय विधायक



डॉ. हिरालाल अलावा पिछले 15 वर्षों से इस पुल को बनाने की मांग कर रहे थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले यहां बनी पुलिया की ऊंचाई बेहद कम थी, जिससे बारिश के दिनों में नदी का पानी ऊपर आने से रास्ता बंद हो जाता था। नया पुल बनने के बाद यह मार्ग पूरे 12 महीने चालू रहेगा। इससे श्रद्धालुओं के लिए प्राचीन पांडवकालीन देवरा महादेव मंदिर तक पहुंचना भी काफी आसान हो जाएगा।

#### दो साल में पूरा होगा निर्माण

विभाग के सहायक उप अभियंता सुनील ठाकुर ने बताया कि निर्माण एजेंसी जल्द ही काम को रफ्तार देगी। इस पुल के निर्माण के लिए दो वर्ष की समय सीमा तय की गई है, जिसके भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा।

### विधायक राजकुमार मेव इलेक्ट्रिक बाइक से घर-घर पहुंचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**महेश्वर** ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के मंडलेश्वर नगर में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने एक अनूठी पहल की। विधायक मेव ने चार पहिया वाहन का उपयोग न करते हुए, जिला महामंत्री हरिसिंह चावड़ा के साथ स्वयं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर चलाकर घर-घर जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से ईंधन बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की अपील भी की। उनकी इस पहल की नगर सहित पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। विधायक का यह सघन दौरा सुबह से निरंतर जारी रहा, जिसमें वे कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सक्रिय रहे। अभियान के तहत, विधायक मेव ने मंडलेश्वर नगर के बूथ क्रमांक 97, 98, 99 और 100 में पहुंचकर वरिष्ठजनों और प्रबुद्ध नागरिकों से भेंट की। उन्होंने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और केंद्र व प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। विधायक मेव



ने कहा कि मोदी सरकार के ये 12 वर्ष देश के इतिहास में राष्ट्रहित, विकास और वंचित वर्गों के उत्थान के स्वर्णिम काल रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन वर्षों में समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ा गया है। दौरे के अगले चरण में, विधायक राजकुमार मेव ने प्रबुद्धजन जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रसिद्ध श्री जूना राम मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पूज्य गुरुदेव पंडित पंकज मेहता का शाल व श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया और सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों की बुकलेट साझा की।

### राष्ट्रपति के ओंकारेश्वर दौरे को लेकर हाई अलर्ट, 18-19 जून को ड्रोन समेत कई वस्तुओं पर प्रतिबंध

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 18 और 19 जून को प्रस्तावित ओंकारेश्वर दौरे को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, वहीं कई वस्तुओं को कार्यक्रम स्थल पर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए कार्यक्रम स्थल, यात्रा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम स्थल के आसपास ड्रोन और ड्रोन कैमरों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा चाकू, छुरी, ब्लेड जैसी धारदार वस्तुएं, पानी की बोतलें, पाउच, लाइटर, माचिस, पटाखे और अन्य ज्वलनशील सामग्री भी प्रतिबंधित रहेगी। लाठी, डंडा, छाता, किसी भी प्रकार के औजार या हथियार, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा व अन्य नशीले पदार्थ भी कार्यक्रम स्थल पर प्रतिबंधित रहेंगे।

### अमृत भारत एक्सप्रेस का स्टॉपेज, पुणे-दानापुर ट्रेन को मिला नियमित ठहराव




**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा जंक्शन के रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और बिहार के बीच यात्रा करने वालों को बड़ी सुविधा देते हुए रेलवे ने पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस (11431/11432) का खंडवा स्टेशन पर नियमित स्टॉपेज मंजूर कर दिया है। यह ट्रेन पहले स्पेशल ट्रेन के रूप में चल रही थी, लेकिन इसका खंडवा में ठहराव नहीं था। हाल ही में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इसके स्थायी संचालन और खंडवा में स्टॉपेज की मांग की थी, जिसे रेलवे मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। मध्य रेल क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 17 जून को पुणे से अमृत भारत एक्सप्रेस स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद शनिवार से ट्रेन का नियमित संचालन शुरू होगा। यह ट्रेन पूरी तरह नॉन-एसी है, जिसमें जनरल और स्लीपर श्रेणी के कुल 18 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। इससे विशेष रूप से स्लीपर और सामान्य श्रेणी के यात्रियों को कम लागत में लंबी दूरी की आरामदायक सुविधा मिलेगी।

# जबलपुर रॉयल लायंस के प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम के खिलाड़ी वेदांत अवस्थी एमपीएल 3 में चमके

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● लगातार चार मैचों में अजेय रहने वाली जबलपुर रॉयल लायंस की टीम ने यह साबित कर दिया है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के 'प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम' के माध्यम से जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को चुनना टीम के लिए एक बड़ा फायदेमंद सौदा साबित हुआ है। अनुभवी खिलाड़ियों और ऊर्जावान नए चेहरों के बेहतरीन मिश्रण वाली जेआरएल की टीम ने लीग को वेदांत अवस्थी के रूप में एक होनहार नया खिलाड़ी दिया है। वेदांत एक शानदार हिटर साबित हुए हैं और उन्होंने टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। चौथे मैच में, जब टीम 224 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही थी, तब वेदांत ने मात्र 34 गेंदों में 60 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से टीम में चुने गए वेदांत ने इंदौर और जबलपुर में आयोजित चयन ट्रायल्स के 4 चरणों को पार करके जेआरएल टीम में अपनी जगह बनाई है। वेदांत और प्रिंस वाधवानी, दोनों ही पीडीपी के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टीम में जगह



बनाकर राज्य स्तरीय मंच पर अपनी पहचान बनाई है।

**प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम से मिले फायदे के बारे में बात करते हुए वेदांत अवस्थी ने कहा:** 'मेरे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए जमीनी स्तर से अपनी पहचान बनाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है, और हमारे लिए पीडीपी जैसे कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। चयन प्रक्रिया बहुत कठिन थी, जिसमें कई दौर के ट्रायल्स शामिल थे, लेकिन अगर आपमें काबिलियत है, तो आपको मौका जरूर मिलता है। जेआरएल का हिस्सा बनना मेरे लिए एक शानदार अहसास है। मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए योगदान दे पाया हूँ, खासकर बड़े रनों का पीछा करते समय।'

**जबलपुर रॉयल लायंस के डायरेक्टर लव मलिक ने कहा:** 'जेआरएल स्थानीय प्रतिभाओं को टीम का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह लगातार दूसरा सीजन है जब हमने प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत राज्य के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल्स आयोजित किए हैं। क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तलाशने और उन्हें राज्य स्तरीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका देने की यह एक बेहतरीन पहल है। कई खिलाड़ियों के लिए यह उनके करियर की शुरुआत है। हमारे पिछले सीजन के कई खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय लीग में अच्छे प्रदर्शन के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में चुना गया है। इन युवा खिलाड़ियों का समर्थन करके हमें बेहद खुशी हो रही है।'



# सफल कलाकार बनने का रास्ता आसान नहीं था: सुम्बुल तौकीर

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने खुलकर बात की है। धारावाहिक इमली से घर-घर में पहचान बनाने वाली सुम्बुल का कहना है कि एक सफल कलाकार बनने का रास्ता उनके लिए आसान नहीं था। चर्चा में सुम्बुल ने बताया कि उनका सपना शुरू से ही अभिनेत्री बनने का था। मनोरंजन जगत में उनकी शुरुआत भले ही डांस रियलिटी शो के माध्यम से हुई हो, लेकिन उनकी असली इच्छा अभिनय के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की थी। उन्होंने कहा कि समय के साथ उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिला और आज वह अपने सफर को देखकर संतोष महसूस करती हैं। सुम्बुल के अनुसार, किसी भी कलाकार की सफलता के पीछे लंबे संघर्ष, धैर्य और निरंतर मेहनत की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अपने करियर के दौरान उन्होंने अच्छे और बुरे दोनों तरह के अनुभवों का सामना किया है। कई बार चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनका मानना है कि कठिन अनुभव व्यक्ति को अधिक परिपक्व और मजबूत बनाते हैं तथा आगे बढ़ने की नई ऊर्जा देते हैं। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने हर किरदार से कुछ न कुछ नया सीखा है। शुरुआती धारावाहिकों से लेकर वर्तमान शो इत्ती सी खुशी तक, उन्हें अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का अवसर मिला है। उनके मुताबिक, एक कलाकार के लिए हर नया किरदार एक नई चुनौती लेकर आता है, जो उसके अभिनय कौशल को और बेहतर बनाने में मदद करता है।

यही वजह है कि वह हर भूमिका को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करती हैं। सुम्बुल ने दर्शकों और कलाकारों के रिश्ते पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि कई बार दर्शक पर्दे पर निभाए गए किरदार और कलाकार के वास्तविक व्यक्तित्व के बीच अंतर करना भूल जाते हैं। यदि कोई कलाकार सकारात्मक भूमिका निभाता है तो लोग उससे वास्तविक जीवन में भी वैसी ही छवि की अपेक्षा करने लगते हैं।

# टाइम मैगजीन की शीर्ष 100 खिलाड़ियों की सूची में मंधाना शामिल

**लंदन (एजेंसी)** ●ब्रिटेन की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने साल 2026 के लिए अपने 100 प्रभावशाली खिलाड़ियों की जो सूची जारी की है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को भी जगह मिली है। हैरानी की बात ये है कि इसमें इसमें भारतीय पुरुष टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और युवा कप्तान शुभमन गिल को भी जगह नहीं मिली है। इस प्रकार भारत से केवल मंधाना ही इस वैश्विक प्लेटफॉर्म पर स्थान पाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं। इससे उनके बढ़ते प्रभाव का अंदाजा होता है। सलामी बल्लेबाज मंधाना ने अपने करियर में कई अहम रिकार्ड बनाये हैं। उनके नाम महिला टी20 में सर्वाधिक 34 अर्धशतक हैं। इस प्रारूप में वह 4401 रन बनाकर दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली क्रिकेटर भी हैं। एकदिवसीय क्रिकेट में भी वह भारत की ओर से दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं।

# फुटबाल वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने, हैट्रिक भी लगाई


**कैनसस सिटी (एजेंसी)** ● अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने बुधवार को फुटबॉल वर्ल्ड कप में पुर्तगाल के क्रिश्चियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अल्जीरिया के खिलाफ उन्होंने 3 गोल मारे। अब वह फुटबॉल वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर बन गए हैं। यह वर्ल्ड कप में मेसी की पहली हैट्रिक भी है। रोनाल्डो ने 2018 वर्ल्डकप में 33 साल की उम्र में रूस के खिलाफ हैट्रिक गोल किए थे। अब मेसी ने 38 साल की उम्र में ऐसा करके रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मेसी की यह हैट्रिक खास मौके पर आई है। उन्होंने 2006 में 17 जून को ही फीफा वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच खेला था। 38 साल के मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ 17वें, 60वें और 76वें मिनट में गोल दागे। वह 78 मिनट के बाद मैदान से बाहर चले गए। मेसी के इस दमदार प्रदर्शन से



अर्जेंटीना ने ग्रुप-जे के मुकाबले में अल्जीरिया को 3-0 से हराया। मेसी अब तक 11 इंटरनेशनल हैट्रिक लगा चुके हैं। मैच अमरीकी शहर कैनसस सिटी के एरोहेड स्टेडियम में खेला गया। मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा 16 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। यह रिकॉर्ड जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज के नाम था।

# फिल्म 'बंटवारा 1947' के किरदारों से उठा पर्दा

**मुंबई (एजेंसी)** ● दमदार और भावनात्मक मोशन पोस्टर के बाद अब बंटवारा 1947 के मेकर्स ने फिल्म के कैरेक्टर पोस्टर्स जारी कर दिए हैं, जो ताकत, मासूमियत और अटूट जज़्बे को दर्शाते हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मातृभूमि के प्रति साहस और दृढ़ संकल्प की भावनाओं से जुड़ी एक कहानी पेश करने का वादा करती है। फिल्म को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच मेकर्स ने उन किरदारों से पर्दा उठाया है, जो उस दौर में साहस और उम्मीद के प्रतीक बनकर उभरे थे, जब उनके आसपास की दुनिया बिखर रही थी। फिल्म की दुनिया को और करीब से दिखाते हुए बंटवारा 1947 के कैरेक्टर पोस्टर्स सामने आए हैं। इनमें शबाना आज़मी दुर्गावती देवी (माई) के रूप में, सनी देओल सिकंदर मिर्जा के रूप में, प्रीति जी. जिंटा हमीदा बेगम के रूप में, करण देओल जावेद मिर्जा के रूप में, अली फज़ल हबीब अनवर के रूप में और अभिमन्यु सिंह याकूब खान के रूप में नजर आ रहे हैं। ये पोस्टर्स उन लोगों की कहानी बयां करते हैं जिन्होंने बंटवारे के कठिन दौर में भी हार नहीं मानी और अपने साहस व धैर्य से मिसाल कायम की। मेकर्स द्वारा जारी किया गया किशन का पोस्टर खास तौर पर बेहद आकर्षक और प्रभावशाली नजर आता है। यह दर्शाता है कि फिल्म की ताकत केवल उसके किरदारों में ही नहीं, बल्कि उसके समर्पण और भावनात्मक आत्मा में भी निहित है।




## उज्जैन संभाग

# सीएम ने राम-हनुमान मंदिर का लोकार्पण किया, 5 करोड़ की लागत से बना

दैनिक इंदौर संकेत

**नागदा** ● नागदा में बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डेलनपुर हनुमान मंदिर में 5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राम और हनुमान मंदिर का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने मंदिर के शिखर पूजन और ध्वजा चढ़ाने की रस्में भी पूरी कीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत भी उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि डेलनपुर हनुमान मंदिर क्षेत्र का एक प्राचीन और ऐतिहासिक केंद्र है। इसका इतिहास ब्रिटिश काल से भी पुराना माना जाता है। यह मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, जहां दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए आते हैं। पुजारी ने मंदिर से जुड़ा एक प्रसंग बताया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान मंदिर के पास रोल रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रेलवे लाइन बिछाने का कार्य चल रहा था। उस समय रेलवे ट्रैक निर्माण में लगातार बाधाएं आ रही थीं और कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा था। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई।



### पूजा से सभी काम पूरे होने की मान्यता

इसके बाद रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक (जीएम) स्वयं यहां पहुंचे। स्थानीय लोगों ने उन्हें मंदिर की महिमा और चमत्कारों के बारे में बताया। महाप्रबंधक ने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना कर रेलवे कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने का आशीर्वाद मांगा। मान्यता है कि इसके बाद निर्माण कार्य में आ रही बाधाएं दूर हो गईं और रेलवे ट्रैक का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया। बताया जाता है कि कई वर्षों तक इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनें मंदिर के समीप पहुंचकर सिग्नल अथवा हॉर्न देकर श्रद्धा प्रकट करती थीं। मुख्यमंत्री के मंदिर परिसर पहुंचने पर मंदिर समिति और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। पूरा मंदिर परिसर धार्मिक उल्लास, भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि डेलनपुर हनुमान मंदिर से जुड़ी अनेक चमत्कारिक घटनाओं और मान्यताओं के कारण यह स्थल विशेष धार्मिक महत्व रखता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है।

कार्यक्रम की एक विशेष बात यह भी रही कि मंदिर समिति के संरक्षक और कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत भी अपने परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# आंगनवाड़ी बाल मेला, 'वेस्ट टू बेस्ट' मॉडल आकर्षण: बच्चों की शिक्षा को प्रभावी बनाया

दैनिक इंदौर संकेत

**नागदा** ● प्रकाश नगर स्थित गुरुकुल स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग और मिशन नीव कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी बाल मेला एवं टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अनुपयोगी सामग्री से तैयार किए गए नवाचारी शैक्षणिक मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने नगर की सभी आंगनवाड़ियों को गोद लेने की घोषणा की। प्रदर्शनी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अनुपयोगी सामग्री से भाषा विकास, गणित, पर्यावरण और विज्ञान आधारित टीएलएम तैयार किए। इन मॉडलों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने की अवधारणा प्रस्तुत की गई।

# महामंडलेश्वर ज्ञानदास की कार पर पथराव, चार युवकों ने रोकी कार

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● श्री पंच निर्मोही अणि अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज की कार पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। घटना में महामंडलेश्वर बाल-बाल बच गए, हालांकि उनकी कार के कांच टूट गए। मामले की शिकायत महाकाल थाने में दर्ज कराई गई है। ऐसे में अब पुलिस जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार सदावल रोड स्थित आश्रम में रहने वाले महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज मंगलवार देर रात करीब 12:30 बजे अपनी स्कॉर्पियो (एमपी-13 जेडडी-8717) से देवास से लौटकर सदावल आश्रम जा रहे थे। हनुमानगढ़ी क्षेत्र के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उनकी कार को रोकने की कोशिश की।

महामंडलेश्वर के अनुसार जब वाहन नहीं रोका गया तो युवकों ने कार पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से स्कॉर्पियो के आगे के कांच टूट गए। महामंडलेश्वर ने कहा, 'दुखी मन से कहना पड़ रहा है कि यदि लगातार इस तरह की घटनाएं होती रहीं तो मुझे किसी दूसरे तीर्थ में जाकर बसना पड़ेगा या फिर भू-समाधि लेनी पड़ेगी। मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है।' महामंडलेश्वर ज्ञानदास ने बताया कि हमला करने वाले चार लोग थे। पहले उन्होंने कार रुकवाने का प्रयास किया और बाद में पथराव कर दिया। हालांकि अंधेरा होने के कारण हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी।

### पुलिस कर रही जांच

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। राहत की बात यह रही कि घटना में महामंडलेश्वर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई।

# महाकाल मंदिर आए मुस्लिम युवक को आधार कार्ड देखकर पीटा

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ●महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की कतार में लगे एक मुस्लिम युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित निकाला। घटना 16 और 17 जून की दरमियानी रात 2 बजे हरसिद्धि चौराहे की है। पुलिस के अनुसार, पिंपरी (पुणे) का रहने वाला 26 वर्षीय आरोपी एक हिंदू युवती के साथ उज्जैन दर्शन के लिए आया था। रात करीब 2 बजे दोनों महाकाल मंदिर की चलित भस्मारती में शामिल होने के लिए कतार में लगे थे। युवक के माथे पर 'महाकाल' का नाम लिखा हुआ था। उसने चंदन का त्रिपुंड भी लगा रखा था। कतार में खड़े होने के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को युवक पर संदेह हुआ। उन्होंने उसका आधार कार्ड चेक किया तो उसके मुस्लिम होने की बात सामने आई। पहचान उजागर होते ही वहां मौजूद कुछ लोग भड़क गए। हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते युवक के साथ मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक लगातार खुद को छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। इस हंगामे के कारण कतार में लगे अन्य श्रद्धालुओं के बीच भी अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और उसे सोशल मीडियो पर डाल दिया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने कहा- युवक को सुरक्षित लाकर उससे पूरी घटना की पूछताछ की गई है। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। एहतियात के तौर पर युवक और युवती, दोनों के परिजनों को उज्जैन बुलाया गया है।

# सड़क हादसे रोकने पुलिस ने लगाए साइन बोर्ड, संदलपुर-खातेगांव मार्ग पर पहल; रॉन्ग साइड से जाने वाले वाहनों को मिलेगी जानकारी

दैनिक इंदौर संकेत

**खातेगांव** ● सड़क हादसों में कमी लाने और वाहन चालकों को सुरक्षित रास्ता दिखाने के उद्देश्य से खातेगांव पुलिस ने संदलपुर-खातेगांव मार्ग पर विशेष चेतावनी और साइन बोर्ड लगाए हैं। इन बोर्डों के जरिए रॉन्ग साइड में जाने वाले वाहन चालकों को सही मार्ग की जानकारी दी जा रही है, ताकि भ्रम की स्थिति न बने और हादसों को रोका जा सके। पिछले कुछ समय में इस मार्ग पर कई सड़क हादसे सामने आए हैं, जिनमें कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने इस मार्ग के दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित किया और वहां सुरक्षा संकेतक लगाए।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन और एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के मार्गदर्शन में खातेगांव थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी की टीम ने संदलपुर-खातेगांव मार्ग के मुख्य चौराहों और मोड़ों पर ये दिशा-सूचक बोर्ड लगाए।

### अजनास हादसे के बाद सख्ती

इसके साथ ही पुलिस ने ग्राम अजनास में स्थित पेट्रोल पंप के पास वाहनों की रफ्तार को धीमा करने के लिए विशेष चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। गौरतलब है कि इसी महीने 9 जून 2026 को अजनास रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने एहतियात के तौर पर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बोर्ड लगाने का फैसला लिया।

### जागरूकता और सही संकेतकों से सुरक्षित होगा सफर

खातेगांव पुलिस के अनुसार सड़कों पर सही समय पर उचित संकेतक मिलने और चालकों में जागरूकता आने से सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है। पुलिस ने वाहन चालकों से भी अपील की है कि वे इन बोर्डों पर दिए गए निर्देशों का पालन करें और तय गति सीमा में

# मौसम ने ली करवट, शहर के पूर्वी इलाकों में हुई बारिश, कई इलाके सूखे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर में बुधवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज अचानक बदल गया और शहर के पूर्वी हिस्सों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को चिलचिलाती गर्मी से बड़ी राहत मिली है। पश्चिम क्षेत्र में भी कहीं-कहीं बूंदाबांदी और रिमझिम फुहारें दर्ज की गई हैं, जिससे पूरे शहर के मौसम में एक सुखद ठंडक घुल गई। प्री-मानसून की गतिविधियां जारी है। बुधवार को शाम 4 बजे बाद शहर के पूर्वी इलाकों खासकर रिंग रोड, एबी रोड, विजय नगर क्षेत्रों में जमकर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। लगभग 1 घंटे तक तेज बारिश देखने को मिली और फिर थम सी गई। जबकि राजवाड़ा, कलेक्टर, महू नाका बड़ा गणपति क्षेत्र में बादल जरूर छाए, लेकिन तेज बारिश देखने को नहीं मिली। इस दौरान कुछ जगह बूंदा-बांदी भी देखने को मिली। होलकर स्टेडियम में चल रहा एमपीएल का मैच भी बारिश के कारण थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा।

मैदान और पिच पर कवर डालने पड़े। बारिश के साथ शाम को 38 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली, जिसके कारण कई इलाकों में पेड़ तारों पर झूम गए। कई जगह धूप भरी आंधी चली। सूरज ढलने के पहले ही शहर में अंधेरा सा छा गया था। तेज हवाओं के कारण दोपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाने में थोड़ी दिक्कत भी हुई। जून माह का पहला पखवाड़ा समाप्त हो गया है और अब तक मानसून नहीं पहुंचा है। इंदौर में 15 से 25 जून के बीच मानसून पहुंच जाता है, इस बार भी 22 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में लगातार तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है, लेकिन प्रदेश में मानसून पहुंचने की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**अब तक सिर्फ दो इंच बारिश, औसत से 15.1 मिमी कम**-से एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र के अनुसार अब तक 1 जून शुरू हुए मानसून सीजन में 55.3 मिमी (लगभग 2 इंच) बारिश ही दर्ज हुई है। यह अब तक औसत बारिश 15.1 मिमी कम है। बुधवार को भी बारिश हुई, लेकिन वह पूर्वी क्षेत्र में हुई, जिसके कारण यह बारिश दर्ज नहीं हुई है।

## पश्चिम क्षेत्र रहा सूखा, हल्की बूंदा-बांदी ही हुई, तेज हवाएं भी चलीं








### तापमान अभी-भी सामान्य से ज्यादा

बारिश नहीं होने होने तापमान भी सामान्य से ज्यादा ही बना हुआ है। बुधवार को भी दिन का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा रहा। जबकि मंगलवार को यह 37.3 डिग्री रहा था। वहीं रात का न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ यह भी सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा रहा। नमी का स्तर सुबह 66 प्रतिशत तो शाम को 37 प्रतिशत रहा। गुरुवार को भी आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। शुक्रवार और शनिवार, वीकेंड पर भी आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी, जिससे दिन के पारे में गिरावट आएगी और उमस से राहत मिलेगी।

---

ईओडब्ल्यू में एफआईआर

# हाईकोर्ट में सरकार से लड़ाई, फिर भी ट्रांसफर से बचे इंदौर के जिला पंजीयक अंबरेश नायडू

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के पंजीयन विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। वहीं, ईओडब्ल्यू की एफआईआर और कई विवादों में घिरे इंदौर के वरिष्ठ जिला पंजीयक अंबरेश नायडू का नाम सूची में नहीं आया है। राजनीतिक पकड़ और पुराने कानूनी विवादों को इसकी वजह माना जा रहा है।

पंजीयन विभाग ने 16 जून की रात को बड़े पैमाने पर तबादला सूची जारी की। इंदौर की वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूलता पटेल का तबादला उज्जैन कर दिया गया। ईओडब्ल्यू की एफआईआर और विवादों में घिरे अंबरेश नायडू का नाम सूची में नहीं आया। नायडू पहले भी तबादले के खिलाफ हाईकोर्ट जाकर राहत हासिल कर चुके हैं। सूत्र राजनीतिक मजबूती और पुराने कानूनी मामलों को तबादले से बचने की वजह बता रहे हैं। एमपी वित्त विभाग के अधीन आने वाले पंजीयन विभाग में 16 जून की रात को ट्रांसफर सूची जारी हुई। इसमें वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक, वरिष्ठ उप पंजीयक और उप पंजीयक शामिल हैं। इंदौर-1 में करीब एक साल पहले ही पदस्थ हुई वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूलता पटेल का ट्रांसफर उज्जैन हो गया है।

वहीं इंदौर-1 में रजनेश सोलंकी को पदस्थ किया गया है। वह अभी रायसेन में पदस्थ हैं। वहीं उज्जैन में पदस्थ वरिष्ठ जिला पंजीयक ऋतुंभरा द्विवेदी को रतलाम ट्रांसफर किया गया है। इसके बावजूद, विवादों और जांच में घिरे वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अंबरेश नायडू बच गए हैं।

**राजनीतिक मजबूती के चलते मिला अभयदान**-सूत्रों के अनुसार शासन के खिलाफ लगातार हाईकोर्ट जाने के बाद भी नायडू इसलिए बच गए क्योंकि वह राजनीतिक रूप से मजबूत हैं। वहीं हाईकोर्ट में भी सरकार एक बार नायडू से ट्रांसफर विवाद में हार चुकी है। माना जा रहा है कि इन्हीं कारणों से उनका नाम तबादला सूची में आने से बच गया, जबकि नायडू के खिलाफ पंजीयन से जुड़ी अन्य शिकायतें भी चल रही थीं।




### नायडू ने दिखाई ताकत, ट्रांसफर से बचे

उधर इस ट्रांसफर सूची में इंदौर में पदस्थ वरिष्ठ जिला पंजीयक अंबरेश नायडू का नाम आने की चर्चा जोरों पर चल रही थी। इसकी वजह भी थी। विवादित रजिस्ट्री मामले में ईओडब्ल्यू इंदौर ने उन पर एफआईआर दर्ज की है। इस केस में प्रशासन की जांच में भी करोड़ों की राजस्व चोरी होने की बात कही गई थी। बाद में, इस मामले में नायडू हाईकोर्ट गए और जांच पर रोक लग गई थी। वहीं बीते साल उनका ट्रांसफर किया गया था, तब वह हाईकोर्ट पहुंचे थे और इस आदेश को रद्द करवा लिया था। इस मामले में शासन से उनके लगातार विवाद चल रहे थे। इससे भोपाल स्तर पर नाराजगी भी बताई जा रही थी।

## चौराहे पर अर्थी रखकर महिलाओं ने किया चक्काजाम

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● बैंककर्मी जितेंद्र मेड़ा के स्वजन का बुधवार दोपहर गुस्सा फूट पड़ा। पंचवटी नगर (साठ फीट रोड के पास) जितेंद्र की अर्थी रखकर चक्काजाम कर टीआई वेदेंद्रसिंह कुशवाह को खूब खरी-खोटी सुनाई। आरोपित धर्मेंद्र का मकान तोड़ने और फांसी की सजा के आश्वासन के बाद शवयात्रा आगे बढ़ी। साहूनगर (पंचवटीनगर) निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पुत्र सोमसिंह मेड़ा की मंगलवार को धर्मेंद्र ने बीयर की बोतल और पानी की मोटर से हमला कर हत्या कर दी थी। जितेंद्र पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में नौकरी करता था। दोनों साथ बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। नशे में कहासुनी होने पर धर्मेंद्र ने हत्या की और फरार हो गया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जिला अस्पताल से शव घर पहुंचा लेकिन महिलाएं अर्थी लेकर चौराहा पर आ गईं। शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर टीआई वेदेंद्रसिंह कुशवाह पहुंचे पर महिलाओं ने घेर लिया। टीआई से कहा जितेंद्र छह बहनों का इकलौता भाई था। धर्मेंद्र ने घर में घुसकर हत्या की है। उसको फांसी की सजा होना चाहिए। पुलिस फांसी नहीं दे सकती तो हमारे हवाले कर दो।

# 29.65 लाख लूट का मास्टरमाइंड रिटायर्ड आर्मीमैन निकला

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ●इंदौर में पंढरीनाथ थाना एरिया में स्क्रैप कारोबारी के कलेक्शन एजेंट के साथ हुई 29.65 लाख की लूट का खुलासा हो गया है। इसमें एक रिटायर्ड आर्मीमैन मास्टरमाइंड निकला है। लूट की सफलता पर आरोपी सांवरिया सेठ गया और वहां 1.11 लाख का चढ़ावा चढ़ाया।

इंदौर पुलिस ने पंढरीनाथ थाना एरिया में हुई 29 लाख 65 हजार रुपए की लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस घटना की जानकारी दी है। आरोपियों के पास से 22 लाख 60 हजार रुपए भी बरामद कर लिए हैं। मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

**लूट का मास्टरमाइंड यह निकला**-इंदौर में 11 जून को पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में स्क्रैप कारोबारी मुकुल अग्रवाल की कलेक्शन एजेंसी के कर्मचारी से 29 लाख 65 हजार रुपए की लूट हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले थे।

**इंदौर 29.65 लाख लूट का मास्टरमाइंड रिटायर्ड**-सीपी संतोष सिंह ने बताया कि पूरी वारदात का मास्टर माइंड रिटायर्ड आर्मीमैन चंद्रशेखर मुकाती था। वह सीधे तौर पर स्क्रैप कारोबारी के यहां कार्यरत नहीं था। लेकिन एक अन्य कारोबारी के यहां काम करने के दौरान उसे मुकुल अग्रवाल के कारोबार, कलेक्शन सिस्टम और रोजाना होने वाले बड़े लेनदेन की जानकारी थी। इसी जानकारी के आधार पर उसने अपने साथी प्रवीण, अमर, फिरोज और कपिल भंडारी के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई।

**लूट के बाद चढ़ावा चढ़ाया, कार खरीदी**-पुलिस के मुताबिक आर्थिक तंगी और महंगे शौक पूरे करने के लिए आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात के बाद आरोपी राजस्थान स्थित सांवरिया सेठ मंदिर पहुंचे थे, जहां उन्होंने 1 लाख 11 हजार रुपए का चढ़ावा चढ़ाया।

इसके बाद आरोपी अलग-अलग राज्यों में छिपते रहे। लूट की रकम से खरीदी गई करीब ढाई लाख रुपए की कार भी जब्त की गई है। पुलिस अब तक लूटी गई 29 लाख 65 हजार रुपए की राशि में से 22 लाख 50 हजार रुपए नकद बरामद कर चुकी है।

## 1.11 लाख चढ़ावा भी चढ़ाया



---

कृषि उपज मंडी में मांगे व्यापारियों से सुझाव

# चोइथराम मंडी से लहसुन प्याज को अलग करेंगे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● प्रदेश की सबसे बड़ी मंडी में शामिल टी चोईथराम मंडी से लहसुन, प्याज मंडी को लक्ष्मीबाई अनाज मंडी में शुरू करने को लेकर एक और विरोध के स्वर तेज हो गए हैं तो दूसरा और कुछ करते धरता। लहसुन मंडी को वहां ले जाना चाह रहे हैं। हालाकि विरोध को देखते हुए व्यापारियों से सुझाव मांगने की बात कही जा रही है।

बताया जा रहा है कि छावनी अनाज मंडी के साथ-साथ अब चोइथराम फल एवं सब्जी मंडी जगह कम पड़ने लगी है। यही कारण है कि कृषि उपज मंडी में लहसुन प्याज मंडी को अलग करने की तैयारी की है और व्यापारियों से सुझाव भी इस हेतु मांगे जा रहे हैं। इसके लिए मंडी समिति अब एक तरह से देखा जाए तो नया प्रयोग करने जा रही है। किसान से लेकर आढतिए और बाहर से फल सब्जी आलू प्याज खरीदने वाले लोगों की स्थिति ऐसी है कि आलू प्याज मंडी में लहसुन और प्याज के भी बड़ी संख्या में व्यापारी है। व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए और भीड़ अधिक संचालित फल होते हुए मंडी बोर्ड यहां लहसुन प्याज और आलू मंडी को हटाने की योजना बना रहा है। इस योजना का प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश सरकार को भेज दिया है। वहां से स्वीकृति मिलने पर लहसुन मंडी को हटाकर माचल गांव में स्थानांतरित जा सकता है परंतु वहां पर भी बराबर व्यवस्था नहीं होने से परेशानी है।

इससे चोइथराम मंडी पर अतिरिक्त दबाव न केवल कम होगा बल्कि यहां पर दूसरे व्यापार भी आराम से हो पाएंगे। दुकान गोदाम बनाने का रास्ता भी बेहतर होगा। चोइथराम मंडी की ओर से छोटे-बड़े सभी व्यापारियों से सुझाव मांगे हैं। यहां रोजाना दलाल से लेकर किसान ग्राहक हजारों की संख्या में आते जाते रहते हैं। लोडिंग वाहनों के साथ-साथ भारवाहक-वाहन भी बड़े पैमाने पर आते हैं इसलिए पूरी मंडी ही छोटी पड़ जाती है जिसके चलते अब नई मंडी की योजना बना ली गई है और माचल में एक और जमीन तलाशी जा रही है जहां पर 50 से 100 से अधिक लहसुन प्याज मंडी को वहां से व्यापारियों को स्थानांतरित किया जा सकता है, फिलहाल सजा मांगे जा रहे हैं। अभी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। इधर मंडी में लहसुन प्याज की भी रोजाना 20 से 50 गाड़ियां आती है इससे भी परेशानी बनी रहती है। यहां से व्यापारी जन को तैयार होते हैं या नहीं यह तो सुझाव के बाद ही पता चलेगा।




हाई कोर्ट में अब 29 जून को होगी अगली सुनवाई

# इंदौर में जारी रहेगा अंडरग्राउंड मेट्रो का काम, फिलहाल कोई रोक नहीं



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● अंडरग्राउंड मेट्रो के काम पर फिलहाल कोई रोक नहीं है। हाई कोर्ट में इसे चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। शासन की ओर से कहा गया कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी के प्रतिवेदन पर सोमवार को सुनवाई हुई थी। इस पर आदेश जारी किया जाना है। अत: समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने सुनवाई 29 जून तक आगे बढ़ा दी।

इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट मीटर क्षेत्र के भीतर इस प्रोजेक्ट को बनाया जा रहा है। जबकि नियमानुसार इस हिस्से में खोदाई या अन्य निर्माण नहीं हो सकते। अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट से शहर के भूमिगत जल को भी खतरा है। पेड़ों को भी बेवजह काटा जा रहा है। कलेक्टर की सुनवाई और आदेश की स्थिति- हाई कोर्ट ने कलेक्टर को आदेश दिया था कि वे याचिकाकर्ता की आपत्तियों पर बिंदुवार सुनवाई कर इनका निराकरण करते हुए आदेश जारी करें।

---



इंदौर ● मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर शहर की एक पुरानी बावड़ी का अवलोकन करने भी पहुंचे। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी भी मौजूद थे

# आकाश विजयवर्गीय को गुंडा बोलना पड़ा महंगा, अभिषेक बनर्जी होंगे गिरफ्तार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने बुधवार को भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर लगी अंतरिम रोक को समाप्त कर दिया। अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान उनकी ओर से प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही थी और वकील भी नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसके बाद कोर्ट ने पूर्व में दी गई राहत वापस ले ली।

हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट फिर से प्रभावी हो गया है और अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

**क्या है पूरा मामला**- यह मामला नवंबर 2020 का है, जब कोलकाता में आयोजित एक राजनीतिक सभा के दौरान अभिषेक बनर्जी ने कथित तौर पर भाजपा नेता और विधायक आकाश विजयवर्गीय को 'गुंडा' कहा था। इस बयान को अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ बताते हुए आकाश विजयवर्गीय ने वर्ष 2021 में भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

इसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई, लेकिन अदालत में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद अभिषेक बनर्जी ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में उन्होंने कहा था कि वह एक निर्वाचित सांसद हैं और उनके फरार होने की कोई संभावना नहीं है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।